Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 30-04-2007
Participants : Singh Shri Dushyant,Maheshwari Smt. Kiran

Title: Need to set up LPG agencies in villages in the country.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है, जिसकी ओर मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

एन.डी.ए. की सरकार ने माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एल.पी.जी., कुकिंग गैस का सिस्टम इस तरह का कर दिया था कि बहुत ही आसानी से हमें गैस का सिलेण्डर उपलब्ध हो जाता था। ऐसे समय में जो ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली बहनें थीं, उन्होंने भी जो खाना चूल्हे पर बनता था, वह चूल्हा बन्द करके गैस का सिलैण्डर ले लिया। शहर के पास जो गांव का क्षेत्र रहता था, वे शहर से एल.पी.जी., कुकिंग गैस लेकर आ जाते थे और खाना पकाया करते थे।[R23] मैं आज आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि गैस की टंकी की इतनी ज्यादा किल्लत हो गयी है और जो माताएं और बहनें शहरों में रहती हैं, उन्हें भी गैस की टंकी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। गैस की टंकी की इतनी ज्यादा कालाबाजारी हो रही है कि जिस गैस की टंकी की कीमत अधिकृत रूप से 300 रूपए है, वह 600 रूपए से लेकर 700 रूपए में बड़े शहरों में मिल रही है। इस देश की राजधानी दिल्ली में भी गैस की टंकी 600, 650, 700 रूपए में मिल रही है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि क्या सरकार का ध्यान इस ओर है कि किस तरह से गैस की किल्लत को कम किया जाए और गैस की टंकी पर जो कालाबाजारी हो रही है, उसे कैसे रोका जाए? इसके साथ ही साथ क्या एलपीजी गैस की एजेंसी क्या ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुछ और एजेंसीज को दी जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली बहनों को भी गैस मिल सके? क्या इस ओर सरकार का ध्यान है? महोदय, इस बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहती हूं।

श्री दुयंत सिंह (झालावाड़) : मैं किरण माहेश्वरी जी के विाय से अपने आपको संबद्ध करता हूं।